[30/12/2020]

प्रश्न सं. [क्र. 655]

परिशिष्ट ①

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय / REGIONAL OFFICE
ई-2/167, अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज रेल्वे स्टेशन के पास, भोपाल (म.प्र.) 462016
E-2/167, Arera Colony, Near Habibganj Railway Station, Bhopal (M.P.) 462016
दूरभाष/Phone : 0755-2426638, फैक्स/Fax : 0755-2426698, ई-मेल/E-mail : robhopal@nhai.org

भारासप्रा / आर.ओ.-एम.पी. / 2020 / वि.स. / 41398 दिनांक 17.12.2020

प्रति

कार्यालय मुख्य अभियंता (रा.रा.परि.)
लो.नि.वि. अरेरा हिल्स
भोपाल (म.प्र.)

विषयः सागर नगर में बायपास मार्ग निर्माण/रिंग रोड़ निर्माण कराये जाने के संबंध में।
(विधानसभा तारांकित प्रश्न क्र.-655 द्वारा, मश्री शैलेन्द्र जैन)।

संदर्भः- आपका कार्यालयीन मेल दिनांक 16.12.2020.

महोदय,

संदर्भित मेल दिनांक 16.12.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न क्र.-655 इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के अंतर्गत आने वाली पक्रिइकाई-सागर से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है-

क्र.	प्रश्न	उत्तर
(क)	क्या सागर नगर के नये बायपास मार्ग/रिंग रोड़ निर्माण का कोई प्रस्ताव शासन के समक्ष विचाराधीन है? यदि हॉ तो वर्तमान तक क्या कार्यवाही प्रचलन में है?	वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा परियोजना कियान्वयन इकाई सागर के अंतर्गत भोपाल-विदिशा-सागर रा0रा0 कमांक 146 के फोरलेन/चौड़ीकरण जो कि भारतमाला परियोजना में सम्मलित है, के कार्य हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन बनाया जा रहा है। जिसके एक पैकेज करीब 28 किमी में (भोपाल रोड़ पर बेरखेड़ी के पास से सागर शहर को बायपास करते हुए-गढ़पहरा झॉसी रोड़ तक) सागर शहर के बाइपास के रुप में निर्माण के लिये प्रस्तावित है, इस प्रस्तावित बाईपास से सागर नगर में भारी वाहनों के बढ़ते दबाव एवं यातायात व्यवस्था को सुगम करेगा। इस कार्य की निविदा इस वित्तीय वर्ष में अमंत्रित करने का लक्ष्य है।
(ख)	यदि नहीं तो क्या शासन सागर नगर में भारी वाहनों के बढ़ते दबाव एवं यातायात व्यवस्था सुगम बनाये जाने हेतु भोपाल रोड़ से नरसिंहपुर रोड़ को जोड़ने वाले नये बायपास मार्ग निर्माण/रिंग रोड़ निर्माण कराये जाने पर विचार करेगा तथा कब तक?	

(विवेक जयसवाल)
क्षेत्रीय अधिकारी